सुविचार

किस्मत के पन्ने
वही पलटता है,
जो दिन रात
मेहनत करता है!

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH
जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 20 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 21 जून 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## बच्चों से भीख मंगवाने वाले माता-पिता या माफिया को क्या दंड प्रावधान है जानिए- JJ Act 2015

भारत में तीन प्रकार के बच्चे भीख मांगते हैं। 1. अनाथ यानी लावारिस। 2. निर्धन माता-पिता के साथ। 3. किसी अपराधी के चंगुल में फंसे हुए बच्चे। सभी जानते हैं कि तीनों ही अपराध की श्रेणी में आते हैं। आइए जानते हैं कि किस प्रकार के अपराध के लिए क्या दंड प्रावधान किया गया है।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665

### किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 76 की परिभाषा

1. कोई भी व्यक्ति किशोर बालकों को भीख मांगने के उद्देश्य से नियोजित करता है या किशोर से भीख मंगवाएगा या भीख मंगवाने के लिए दुष्प्रेरण (उकसाना) मात्र करेगा तब ऐसे नियोजक (स्वामी जिसमे माता पिता या कोई भी संरक्षक भी हो सकता है) को पाँच वर्ष की कारावास एवं एक लाख रुपए के जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है। लेकिन अगर कोई नियोजक किसी किशोर बालक के अंग-विच्छेद करता है अर्थात किसी भी प्रकार से विकलांग करके भीख मंगवाएगा जैसे आँखे फोड़ देना, हाथ या पाव की उंगली काट देना आदि तब ऐसे संरक्षक को अधिकतम दस वर्षों की कारावास एवं पांच लाख रुपये के जुर्माने से दण्डित किया जाएगा।

**विशेष नोट-**

अगर बालक अपनी मर्जी से भीख मांगता है या किसी संरक्षक, भारसाधन के नियंत्रण से हट जाता है तब ऐसे बालक को जिला बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जहां राज्य सरकार उसके पुनर्वास के लिए प्रबंध करेगी। Notice: this is the copyright protected post. do not try to copy of this article)।

## BNSS- जमानत, जमानत पत्र एवं बंधपत्र, जानिए क्या है?

नया कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ,2023 जिसने दण्ड प्रकिया संहिता, 1973 का स्थान लिया है वर्तमान मे उसमे बहुत से संशोधन किए गए हैं जिसमें तीन महत्वपूर्ण धाराएं जोड़ी गई है जो CrPC में नहीं थी वो है जमानत, जमानत पत्र एवं बंधपत्र। जानिए



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665

1. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 2(1) (ख) की परिभाषा

जमानत- पुराने कानून CrPC में जमानत शब्द को कहीं परिभाषित नहीं किया था लेकिन BNSS की उपरोक्त धारा में बताया गया है कि कोई भी अधिकारी या न्यायालय द्वारा कुछ शर्तों पर किसी अपराध किए जाने वाले आरोपी या किसी संदिग्ध व्यक्ति को बंधपत्र या जमानत पत्र के निष्पादन पर कानूनी अभिरक्षा से छोड़ सकता है।

2. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 2(1)(घ) की परिभाषा


जमानतपत्र - प्रतिभूति (मुचलका, सिक्योरिटी) के साथ आरोपी या संदिग्ध व्यक्ति को छोड़ना जमानतपत्र होता है।

3. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 2(1)(ङ) की परिभाषा

बंधपत्र - बिना प्रतिभूति (मुचलका, सिक्योरिटी) के आरोपी व्यक्ति को छोड़ना अर्थात बंधपत्र या वचनपत्र के द्वारा कानूनी अभिरक्षा में छोड़ना बंधपत्र होता है। Notice: this is the copyright protected post. do not try to copy of this article) ।

*10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस*

# पूरी दुनिया मना रही योग दिवस, पीएम मोदी ने श्रीनगर में किया अभ्यास








**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश-दुनिया में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अवसर पर श्रीनगर में हैं। इसके अलावा, तमाम केंद्रीय मंत्री अलग-अलग स्थानों पर योग कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं। सेना के जवानों से लेकर स्कूली बच्चों और आम नागरिकों द्वारा भी योग दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीनगर में योग दिवस मना रहे हैं। उन्हें यहां डल झील के किनारे 7000 लोगों के साथ योग करना था, लेकिन खराब मौसम का कारण कार्यक्रम बाधित हुआ। कार्यक्रम को शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में शिफ्ट किया गया है। यहां पीएम मोदी का संबोधन हुआ।

### पीएम मोदी के संबोधन की बड़ी बातें

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा, 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 10 वर्ष की ऐतिहासिक यात्रा पूरी कर चुका है। 2014 में मैंने ह में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था। भारत के इस प्रस्ताव का 177 देशों ने समर्थन किया था और ये अपने आप में एक रिकॉर्ड था। तब से योग दिवस लगातार नए रिकॉर्ड बनाता जा रहा है। आज पूरी दुनिया में योग करने वालों की संख्या निरंतर बढ़ रही है, योग के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है।'

## मप्र के खंडवा में महसूस हुआ भूकंप का झटका




खंडवा। शुक्रवार सुबह 9:10 बजे लोगों ने भूकंप का जोरदार झटका महसूस किया। धरती अचानक थरने से घरों में कंपन से पंख और अन्य सामान हिलने लगे। लगभग आधा सेकंड के धमाके व गड़गड़ाहट से घबरा कर लोग घरों से बाहर निकल आए। भूकंप की तीव्रता कितनी थी यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है लेकिन धमाका और कंपन आसपास के अंचलों में भी महसूस हुआ है। भूकंप की तीव्रता और इससे हुई किसी प्रकार की नुकसानी की अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। विदित हो कि खंडवा जिला भूकंप के प्रति संवेदनशील क्षेत्र में शामिल है। यहां 20 वर्ष पूर्व पंधाना तहसील के बागमार , टाकली संहिता आसपास के क्षेत्र में लंबे समय तक भूकंप की गड़गड़ाहट और धमाके लोगों द्वारा महसूस किए गए थे। इंदौर रोड निवासी धर्मेंद्र टूटने बताया कि वह बच्चों के साथ टेबल पर नाश्ता कर रहे थे 9॰10 पर अचानक टेबल हिलने लगा और बच्चे घबरा गए। हम पूरा परिवार तत्काल घर से बाहर आ गए।

## भोपाल में राज्यस्तरीय कार्यक्रम में बच्चों के साथ मुख्यमंत्री ने किया योग

**•श्रीअन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ**
**जगह-जगह विशेष आयोजन**




**भोपाल।** राजधानी में बारिश के कारण अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य कार्यक्रम मुख्यमंत्री निवास में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रीअन्न संवर्धन प्रोत्साहन अभियान का शुभारंभ भी किया गया। श्री अन्न संवर्धन प्रोत्साहन अभियान कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संबोधति करने वाले थे। बाद में पीएम ने योग दिवस पर संबोधन दतिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश एवं देशवासियों सहित विश्व के सभी योगप्रेमियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।


### योग- कर्मसु कौशल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 10वें विश्व योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास, भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में सहभागिता कर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों और नागरिकों के साथ योगाभ्यास किया। डॉ मोहन यादव ने कहा कि योग मतलब ही जुड़ाव है। मध्य प्रदेश सरकार ने योग आयोग का गठन किया है। राज्य में आनंद विभाग का कार्य कर रहा है। आयुर्वेदिक कॉलेज खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने योग को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब से योग दिवस मनाने की घोषणा की तब से योग से निरोग होने का एक वृहद अभियान चला है। राज्य सरकार भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है।



## इंदौर में आरआर कैट के रिसर्च स्कॉलर को डिजिटल अरेस्ट कर एक लाख रुपये वसूले

**इंदौर।** राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र के रिसर्च स्कॉलर साइबर अपराधियों के चंगुल में फंस गए। शातिर अपराधियों ने उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर 99 लाख रुपये वसूल कर लिए। शक होने पर स्कॉलर ने गूगल से जानकारी निकाली तो धोखाधड़ी का पता चला। साइबर एक्सपर्ट ने आरोपितों के मोबाइल की जानकारी निकाल ली है। उन खातों को फ्रीज कर दिया जिनमें रुपये ट्रांसफर हुए थे। एडिशनल डीसीपी जोन-1 आलोक शर्मा के मुताबिक धोखाधड़ी जयंत भट्टाचार्य के साथ हुई है। जयंत आरआर कैट में रिसर्च स्कॉलर हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 8 जून को अनजान नंबर से कॉल आया था। आरोपितों ने कहा कि वह मुंबई एयरपोर्ट से बात कर रहे हैं। उनके नाम का एक पार्सल मिला है जो सेडेक्स कोरियर से भेजा




गया था। आरोपितों ने कहा कोरियर में फर्जी पासपोर्ट, ड्रग्स के पैकेट हैं। इस मामले में गिरफ्तारी और जेल भी हो सकती है। आरोपितों ने जयंत को भयभीत किया और कहा कि केस के सिलसिले में नारकोटिक्स विभाग से बात करनी होगी। आरोपितों ने स्काइप कॉल से जोड़ा और कहा कि खातों में अवैध लेनदेन हुआ है। खातों का सत्यापन करने के लिए एक अन्य खाते में 99 हजार रुपये जमा करवा लिए। इस पर जयंत को शक हुआ तो उन्होंने गूगल सर्च इंजिन से जानकारी निकाली तो पता चला सेडेक्स कोरियर के नाम से ठगी होती है। उसने तुरंत फोन काटा और पुलिस को शिकायत की। एडीसीपी के मुताबिक जिस नंबर से कॉल आया वो वी पद्मावति के नाम से है। पुलिस ने खातों को भी फ्रीज करवा दिया है।

# पशुपालन लोन के नाम पर 40 व्यक्तियों से ठगे लाखों रुपए

**भोपाल -संवाददाता**

रायसेन-जिन लोगों के साथ यह घटना हुई है उन लोगों ने इस घटना की जानकारी हमारे संवाददाता को दी है उन्होंने अपनी इस समस्या और परेशानी को बताते हुए कहा है कि विगत वर्ष दो व्यक्ति

**पहला नाम** - दुर्गा प्रसाद पिता महिपाल निवासी हाउस न.764 कोटरा सुल्तानाबाद वाटर टैंक के पास हुजूर सी टी टी नगर भोपाल। मो 9584246072

**दूसरा नाम-** धीरज सिंह पिता हिम्मत सिंह आदिवासी निवासी कांठ रायसेन मप्र। मो+91 93407 30600 इन्हीं दोनो द्वारा बकरी पालन के लोन के नाम पर किसी से 4000, तो किसी से 10000, और किसी से 50000, तो किसी से 1एक लाख किसी से डेढ़ लाख रुपए लिए गए थे और लोन दिलाने की बात किसी को 50 लाख, किसी को 70 लाख, किसी को एक करोड़, तो किसी को 5 करोड़ लोन दिलाने की आश्वासन इन लोगों द्वारा दिया गया था इन लोगों ने रूट सेट संस्थान भोपाल में ट्रेनिंग दिलाई जहां पर 10दिवसीय बकरी पालन का कोर्स सिखाया गया था । उसके बाद ट्रेनिंग कंप्लीट होने के बाद सर्टिफिकेट दिए गए ,उसके बाद उन्होंने सर्टिफिकेट और आवश्यक दस्तावेज लेकर रख लिए और चार-चार हजार किसी से ?5000 तो किसी से ?100000 लाख ले लिए उसके बाद इन लोगों का कोई भी रुझान नहीं दिखा इन लोगों ने पैसे लेकर नहीं कोई प्रतिक्रिया दी और ना ही कोई काम कराया जिससे परेशान होकर ग्रामीणों सहित प्रताड़ित व्यक्तियों ने शिकायत भी की है और कैस भी दर्ज दर्ज कराया है और यह खबर दी है।



पहला व्यक्ति दुर्गा प्रसाद पिता महिपाल निवासी हाउस नंबर 764 कोटरा सुल्तानाबाद वॉटर टैंक के पास हजूर सी टी टी नगर भोपाल



दूसरा व्यक्ति धीरज सिंह पिता हिम्मत सिंह आदिवासी निवासी कांठ रायसेन मध्य प्रदेश

# महान संत श्री शिव कुमार जी की आरती




जय-जय शिव संत हुए , यहां जय शिव संत हुए।
बहुजन हित के कारण, अम्बर बदन छुए।। जय-जय शिव संत हुए।।
गढ़ मंडला में जन्मे,बचपन अनुरागी।।बाबा बचपन अनुरागी।।
ज्ञान ध्यान समरसता,मुख मंडल जागी।। जय-जय शिव संत हुए।।
सरगम संत समागम, सुन्दर बलिहारी।। बाबा सुन्दर बलिहारी।।
शिवकुमार श्री ख्याति,धवल वसन धारी।। जय-जय शिव संत हुए।।
पांव -पांव चलकर के,बहुजन सुधि लीन्ही।।बाबा बहुजन सुधि लीन्ही।।
कष्ट हरे भक्तों के, अनुपम सिख दीन्ही।। जय-जय शिव संत हुए।।
संत रवि के मंदिर, मंजुल बनवाए।। बाबा मंजुल बनवाए।।
गांव शहर घर-घर में, संत भजन गाए।। जय-जय शिव संत हुए।।
त्यागी देह अलंकृत, बेरोगन चामा।। बाबा बेरोगन चामा।।
गुरूवर लीन्हीं समाधि,टिमरावन धामा।। जय-जय शिव संत हुए।।
श्री संत शिवनामी, आरती सब गावें।।बाबा आरती सब गावें ?।।
कष्ट मिटें भक्तों के,सुख संपति पावें।। जय-जय शिव संत हुए।।
जय-जय शिव संत हुए, यहां जय शिव संत हुए।
बहुजन हित के कारण, अम्बर बदन छुए।। जय-जय शिव संत हुए।।
जय श्री समाधि समागम देवलोक गमन महान संत शिवकुमार जी जय..........

**भवदीय शिष्य**
**माधव सिंह अहिरवार पटवारी**
**बरेली जिला रायसेन म0प्र0**

# महान क्रांतिकारी शहीद वीर मनीराम अहिरवार की गौरवगाथा




अंग्रेजों से आज़ादी पाने,
गांधी जी ने दी हुंकार।
आज़ादी के रण में कूदे,
वीर मनीराम अहिरवार।1।
नगर चीचली नरसिंहपुर में,
लिया इन्होंने था अवतार ।
नगर चीचली गोंड राज्य के
थे ये सच्चे सेवादार।2।
राजाजी का निधन हुआ अरु,
नाबालिग है राजकुमार।
राज छीनने अंग्रेजों ने,
किया चीचली नगर पसार।3।
घेर लिया जा राजमहल फिर,
खूब चली फिर रण की रार।
पत्थर मारे गोफन में भर,
गोरे भागे मानी हार।4।
जीत मनाने अगले दिन फिर ,
सभा हुई जब बीच बजार।
पकड़ लिया तब नगर वीर को,
मारा पीटा कारागार।5।
भेद महल का नहीं बताया,
थे वो ऐसे फरमाबरदार।
मार दफन भी किया वहीं पर,
ऐसी थी गोरी सरकार ।6।
ऐसे वीरों को क्यों भूली,
मध्य प्रांत की हर सरकार।
रैदास वंश के इस पूत को,
हक़ देने की है दरकार । 7।

**डॉ. श्रीमती रेखा रानी राठौर**
**एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास एस. बी.एस.शास.पी.जी.कालेज पिपरिया, नर्मदापुरम, मध्यप्रदेश**

# कमिश्नर ने प्राथमिक शाला खम्हरिया का किया निरीक्षण

## अनुपस्थित दो शिक्षिकाओं को किया निलंबित



**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

शहडोल - कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने आज अनूपपुर जिले के जैतहरी विकासखंड की प्राथमिक शाला खम्हरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने शिक्षकों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया तथा मौके पर उपस्थित शिक्षिका से स्कूल में पदस्थ शिक्षकों की जानकारी ली। उपस्थित शिक्षिका ने बताया कि प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल खम्हरिया में पांच शिक्षक पदस्थ हैं जिसमें दो शिक्षक अनुपस्थित हैं। कमिश्नर ने स्कूल से मनमानी तौर पर शिक्षिकाओं के अनुपस्थित रहने पर कड़ी नाराजगी व्यक्ति की तथा अनुपस्थित शिक्षिका अंजूलता सिंह बघेल और शिक्षिका प्रार्थना प्रजापति को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने प्राथमिक स्कूल में दर्ज विद्यार्थियों की संख्या के संबंध में जानकारी ली तथा शिक्षकों को निर्देश दिए कि वह स्कूल में समय पर उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। इस दौरान कमिश्नर ने कक्षा चार की छात्रा क्रांति से किताब भी पढ़वाई। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने स्कूल परिसर का भी निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए की स्कूल परिसर को स्वच्छ और सुंदर रखें स्कूल परिसर में पौधारोपण भी कराए तथा स्कूल परिसर की प्रतिदिन साफ सफाई कराना सुनिश्चित करें।



## पुलिस को मिली बड़ी सफलता,

# 16 लाख के 18 दो पहिया वाहन बरामद 30 सीसीटीव्ही कैमरो के मदद से आरोपी तक पहुँची पुलिस







**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

भोपाल मे आये दिन हो रही मोटर साइकिल चोरियो पर नकेल कसते हुए चार शातिर वाहन चोर गिरफ्तार। मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी सहायता व 30 सीसीटीव्ही कैमरो के मदद से आरोपी तक पहुची पुलिस। 9 जून को पेट्रोलिंग के दौरान एक व्यक्ति बिना नंबर की गाडी चलाते दिखा जो पुलिस को देखकर भागनें लगा जिसे घेरबंदी कर पकडा गया पूछताछ करने पर पर अपना नाम तथा उम्र 20 साल निवासी सिलवानी जिला रायसेन का बताया उससे पास जो गाड़ी थी उसका रजिस्ट्रेशन भी नहीं था। पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर उक्त गाडी थाना ऐशवाग क्षैत्र से चोरी की थी उक्त गाड़ी थाना ऐशवाग के अप.क्र.209/24 धारा 379 भादवि का चोरी की होने पर आरोपी को हिरासत लेकर में गाडी जप्त कर ली गई तथा आरोपी को न्यायालय पेश कर 2 दिवस का पुलिस रिमाण्ड लिया गया । पुलिस रिमाण्ड के दौरान आरोपी से अन्य चोरी के वाहनों के संबंध में पुछातछा की गई। उसके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर थाना ऐशवाग 6 वाहन ,थाना जहाँगीरावाद के 3 वाहन ,थाना अशोका गार्डन के 3 वाहन ,थाना एम.पी नगर के 2 वाहन ,थाना स्टेशन बजरिया के 2 वाहन थाना पाताखेडे जिला बैतुल का एक 1 वाहन तथा थाना गोपाल गंज जिला सागर का 1 वाहन पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया । आरोपी सिलवानी से बस द्वारा भोपाल आकर रैकी कर गाडी चोरी कर सिलवानी ले जाकर कम दामों में बेच देता था। मुख्य आरोपी के अलावा तीन अन्य आरोपी भी अपराध में शामिल थे । इस प्रकार शातिर वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर 16 लाख रुपये के चोरी के 18 दो पहिया वाहन बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है।आरोपी काफी समय से लगातार वाहन चोरी की घटनाओ को अंजाम दे रहे थे । आरोपियों द्वारा वाहन के लॉक को मास्टर चांबी लगाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता था ।

## समाज सेवा के क्षेत्र में अपने योगदान के लिये तलहा आरिफ़ को मिला यूएई में सम्मान कहा यह उपलब्धि मेरे देश भारत की है

**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

भोपाल के लिए अत्यंत गौरवशाली बात है कि भोपाल के रहने वाले तलहा आरिफ मध्यप्रदेश के पहले ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हे यूएई की राजधानी अबू धाबी में अल एन. के. शैख़ सालेम बिन रक्काद अल अमीरी की विशेष सभा में फ़ेडरल नेशनल काउंसिल के सदस्यों और राष्टपति के विशेष सलाहकार द्वारा सम्मानित किया गया। यूएई की राजधानी अबू धाबी में अल एन. के. शैख़ सालेम बिन रक्काद अल अमीरी की विशेष सभा में भोपाल के तलहा आरिफ़ का सम्मान मध्य प्रदेश के लिए बहुत ही गौरव की बात है । हाल ही मे यूएई में संपन्न यूएई के समाज सेवकों के एक सम्मान समारोह में मेम्बर फ़ेडरल नेशनल काउंसिल के सदस्यों और राष्टपति के विशेष सलाहकार डॉ सालिम बिन रक्काद अल अमीरी ने भोपाल के तलहा आरिफ को सर्वश्रेष्ठ वालंटियर व समाज सेवा के लिए दिए योगदानों के लिये सम्मानित किया गया । समारोह मैं देश के कई गणमान्य व्यक्ति, वरिष्ठ समाज सेवक व मीडिया प्रभारी जैसे डॉ सैफ़ उर रहमान, सारा अल्दाइफ़ और सरकारी आला अफ़सर उपस्थित थे। तलहा आरिफ़ मध्य प्रदेश के पहले व्यक्ति है जिनको इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। तलहा भोपाल के रहने वाले हैं आगामी 10 वर्षों से यूएई मैं कार्यरत है, उनकी सेवाए यूएई के दूरसंचार जगत मैं भी सराहनीय मानी जाती रहती है। तलहा आरिफ़ मीडिया के



संवाददाताओं से बात करते हुए कहते हैं मैं अपने इस पुरस्कार व सम्मान को मध्य प्रदेश के लिये समर्पित करता हूँ । वे कहते हैं कि यह उपलब्धि मेरे देश भारत की व मेरे मध्य प्रदेश एवं भोपाल शहर की उपलब्धि है और मेरे जैसे देशभक्त के लिये गौरवशाली क्षण है।

## सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की हुई जाँच खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा बड़ी कार्रवाई, चार रेस्टोरेंट पर रोक

**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**




सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जाँच के लिए हॉकर कॉर्नर, शिवाजी नगर का निरीक्षण कर रेस्टोरेंट में खाद्य कारोबार किये गए प्रतिबंधित। निरीक्षण के दौरान रेस्टोरेंट मित्रम में कॉकरोच की उपस्थिति तथा गन्दगी में भोजन का निर्माण और विक्रय होना पाया गया। साथ ही खाद्य पंजीयन अनुज्ञप्ति नहीँ होना पाया गया। इसी दुकान के समीप स्थित मुंबई पाव भाजी, पंडित जी चीला वाले तथा बाबा जलेबी में भी अत्यंत गन्दगी तथा अव्यवस्था के बीच भोजन का निर्माण होना पाया गया। इनमें से मुंबई पाव भाजी तथा बाबा जलेबी में खाद्य पंजीयन अनुज्ञप्ति नहीं होना पाया गया। आमजन को अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में बनाये जा रहे दूषित भोजन से बचाने के उद्देश्य से चारों प्रतिष्ठानों से खाद्य कारोबार प्रतिबंधित किया गया है। दुकानों में पक्के फर्श तथा स्टोर की समुचित व्यवस्था बहाल कर खाद्य पंजीयन प्राप्त करने के पश्चात इन दुकानों से खाद्य कारोबार की अनुमति प्रदान की जायेगी।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 16 लाख के 18 दो पहिया वाहन बरामद 30 सीसीटीव्ही कैमरो के मदद से आरोपी तक पहुँची पुलिस

**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

भोपाल मे आये दिन हो रही मोटर साइकिल चोरियो पर नकेल कसते हुए चार शातिर वाहन चोर गिरफ्तार। मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी सहायता व 30 सीसीटीव्ही कैमरो के मदद से आरोपी तक पहुची पुलिस। 9 जून को पेट्रोलिंग के दौरान एक व्यक्ति बिना नंबर की गाडी चलाते दिखा जो पुलिस को देखकर भागनें लगा जिसे घेरबंदी कर पकडा गया पूछताछ करने पर पर अपना नाम तथा उम्र 20 साल निवासी सिलवानी जिला रायसेन का बताया उससे पास जो गाड़ी थी उसका रजिस्ट्रेशन भी नहीं था। पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर उक्त गाडी थाना ऐशवाग क्षैत्र से चोरी की थी उक्त गाड़ी थाना ऐशवाग के अप.क्र.209/24 धारा 379 भादवि का चोरी की होने पर आरोपी को हिरासत लेकर में गाडी जप्त कर ली गई तथा आरोपी को न्यायालय पेश कर 2 दिवस का पुलिस रिमाण्ड लिया गया । पुलिस रिमाण्ड के दौरान आरोपी से अन्य चोरी के वाहनों के



संबंध में पुछातछा की गई। उसके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर थाना ऐशवाग 6 वाहन ,थाना जहाँगीरावाद के 3 वाहन ,थाना अशोका गार्डन के 3 वाहन ,थाना एम.पी नगर के 2 वाहन ,थाना स्टेशन बजरिया के 2 वाहन थाना पाताखेडे जिला बैतुल का एक 1 वाहन तथा थाना गोपाल गंज जिला सागर का 1 वाहन पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया । आरोपी सिलवानी से बस द्वारा भोपाल आकर रैकी कर गाडी चोरी कर सिलवानी ले जाकर कम दामों में बेच देता था। मुख्य आरोपी के अलावा तीन अन्य आरोपी भी अपराध में शामिल थे । इस प्रकार शातिर वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर 16 लाख रुपये के चोरी के 18 दो पहिया वाहन बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है।आरोपी काफी समय से लगातार वाहन चोरी की घटनाओ को अंजाम दे रहे थे । आरोपियों द्वारा वाहन के लॉक को मास्टर चांबी लगाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता था ।

# शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना बालक-बालिका इकाई की बी प्रमाण पत्र की परीक्षा सम्पन्न हुई



**नर्मदापुरम।** मंगलवार को शासकीय नर्मदा महाविद्यालय ,नर्मदापुरम राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका और बालक ईकाई की बी प्रमाण पत्र की परीक्षा ली गई कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर इरा वर्मा ने बताया कि बी प्रमाण पत्र परीक्षा 2024 में कुल दस छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी डॉक्टर ओ एन चौबे प्राचार्य ने कहां वर्तमान में बी, सर्टिफिकेट छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण में अत्यंत उपयोगी है उन्होंने छात्र-छात्राओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी, परीक्षक के रूप में डॉक्टर आर एस बोहरे पूर्व जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना एवं डॉ बीएल राय प्राध्यापक भूगोल ने परीक्षा में विशेष सहयोग किया।

# ग्वालियर में युवक की गोली मारकर हत्या



ग्वालियर। माधौगंज थाना क्षेत्र के तहत पान पत्ते की गोठ में रहने वाले युवक की अज्ञात आरोपितों ने हत्या कर दी है। हत्या सिर में गोली मारकर की गई है। युवक का शव उसके घर के पास ही सड़क पर मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। घटनाक्रम के मुताबिक माधौगंज थाना क्षेत्र के तहत पान पत्ते की गोठ में सुबह सड़क पर लोगों ने एक युवक के लहूलुहान शव को देखा। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। युवक वहीं का रहने वाला मंथन छारी है। उसके सिर में गोली मारी गई है। मृतक मंथन का घर भी मौके से पास में ही है। हालांकि सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। लेकिन अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि युवक को गोली किसने और क्यों मारी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे तो खंगाल ही रही हैं, साथ ही स्वजनो से भी जानकारी ले रही है। जिससे आरोपितों का पता चल सके।

**विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर विशेष**

# कल्पनाओ के पंख लगाकर उड़ने दें बचपन को...सुरक्षित बचपन शिक्षित भविष्य

बचपन..अल्हड़ फकीराना अंदाज, मासूम-सी सूरतें और चंचलता से भरी प्यारी-सी मुस्कान ना दिन का ठिकाना ना रात की चिंता..चॉकलेट और खेलकूद में गुजरता बचपन..तो कभी कलाओ के पंख लगा कर कल्पनाओ की ऊंची उड़ान भरता बचपन ! जी हाँ, आज हम बात कर रहे हैं बचपन की..जो एक बार चला जाये तो पुनः नहीं लौटता, बचपन का दौर अगर मजदूरी बालश्रम एवं सिग्नलों पर भीख मांगने में निकल जाये तो..ये तो फिर ऐसा होगा जैसे खुले आसमान में उड़ने वाले सुंदर तितली को पकड़कर एक डिब्बे में बंद कर देना! जैसे एक सुन्दर तितली की दशा बंद डिब्बे में होती है ठीक वैसे ही बचपन में बालश्रम मजदूरी का ज़हर भी बच्चो से उनका एक सुंदर बचपन छीन लेता है। गरीबी, सामाजिक असमानता और शिक्षा जागरूकता की कमी के कारण बालश्रम जैसी कुरीतियां फलफूल रही हैं! आज भी घरेलु उद्योगो,चाय दुकानों,रेस्टोरेंटो, ढाबो में अथवा ट्रेन के डिब्बों तो कहीं सिग्नलों पर गाड़ियां को पोंछते यदाकदा छोटे बच्चे आसानी से दिख जाते हैं! यही बच्चे धीरे-धीरे नकारात्मक गतिविधियों में लिप्त हो जाते हैं और गलत राह की ओर बढ़ जाते हैं। कल को जो बच्चे पढ़ लिखकर बड़े होकर देश को आगे बढ़ाने में कहीं ना कहीं अपना सहयोग दे सकते थे! वे शिक्षा जागरूकता और गरीबी के अभाव में बालश्रम के ज़हर से जूझ रहे हैं! अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार..बालश्रम से तात्पर्य ऐसे कार्य से है जो 17 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति द्वारा किया जाता है तथा ऐसे कार्य करने से किसी बच्चे के नैतिक, सामाजिक, शारीरिक या मानसिक विकास में व्यवधान उत्पन्न हो तथा बच्चो के शिक्षा के अधिकार का हनन हो रहा हो वह शिक्षा से वंचित रह रहा हो तो इस तरह का श्रम ही बालश्रम कहलाता है। अगर बालश्रम के आंकड़ो पर एक नज़र डालें तो..अंतर्राष्टीय श्रम



संगठन के अनुसार 313000 से अधिक बच्चे यौन शोषण, नशीली दवाओ की तस्करी और वेश्यावृत्ति में फंसे हुए हैं तथा दुनियाभर में 168 मिलियन बच्चे बालश्रम में फंसे है। भारत में(जनगणना 2011 के अनुसार) 5-14 वर्ष के आयु वर्ग के 10.1 मिलियन बच्चे कार्यरत हैं जिनमें से 8.1 मिलियन ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य रूप से कृषक 23त्न और खेतिहर मजदूर 32.9त्न के रूप में कार्यरत हैं। इन सबके अतिरिक्त खतरनाक फैक्ट्रियों में भी छोटे बच्चे कार्यरत रहते हैं। बालश्रम जैसी बुराई को रोकने कई कठोर कदम वैश्विक स्तर पर भी उठाये गये तथा भारत में बालश्रम के विरुद्ध संविधान में अनुच्छेद-23,24 में पूर्णतः बालश्रम को निषेध किया है तथा गुरूपदस्वामी समिति की सिफारिश के बाद वर्ष 1986 में बालश्रम अधिनियम(निषेध एवं विनियमन) लागू किया गया एवं वर्ष 2016 में इसमें संशोधन कर 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चो के रोजगार पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इन सब प्रयासों के चलते निश्चित तौर पर बालश्रम बाल मजदूरी को प्रतिबंधित कर रोका जा रहा है और गिरावट भी आई है किंतु आज भी हालात उतने बेहतर स्तर तक नहीं पहुंचे हैं। आज हमारे देश को पुनः डॉ.अंबेडकर, रमाबाई तथा ज्योतिबा फुले,सवित्रीबाई जैसे शिक्षा के अग्रदूत की परम आवश्यकता है..जो जन-जन तक शिक्षा जागरूकता की मुहिम को पहुंचाऐ,आज हमारे देश को कैलाश सत्यार्थी जी जैसे सामाजिक कार्यकर्ताओ विचारकों की आवश्यकता है..जिन्होंने सदैव बचपन बचाओ आंदोलन के द्वारा 80000 से अधिक बच्चों को तस्करी और शोषणकारी श्रम संकट से बचाया। सरकारे आऐंगी जाऐंगे तथा अपने स्तर पर बालश्रम एवं बच्चो हेतु कार्य करती रहेंगी किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि..अब हमें स्वकर्तव्य समझकर ऐसी कुरीतियों और सामाजिक बुराईयों का विरोध करना सीखना होगा तथा शहर से ग्रामीण स्तर जन-जन तक शिक्षा के महत्व को बताना होगा..जागरूकता के अभाव में नन्हे-नन्हे बच्चों का बचपन ट्रेन के डिब्बों, सिग्नलों पर भीख मांगने और बालमजदूरी करने में बर्बाद चला जाता है। इस विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर एक ही संदेश है..बचपन ईंट उठाने कचरा साफ करने नहीं बल्कि कलम थामने के लिए बना है, बचपन पंख लगाकर शिक्षा के खुले आसमान में उड़ान भरने बना है..इस सुंदर बचपन को खत्म नहीं होने देना..कल्पनाओ के पंख लगाने है,यही बचपन कल भारत का भविष्य बनेगा..बचपन सुरक्षित रहेगा तो बच्चे विकसित होंगे और कल इस देश के आइंस्टाइन बनेंगे..अंबेडकर और कलाम की तरह देश का स्वर्णिम इतिहास को रचेंगे ।।

**कु.प्रियंका**
**सामाजिक विचारक कार्यकर्ता**
**एवं**
**रिसर्च स्कॉलर (भौतिकी)**

# जिस युवक की सालभर पहले हुई मौत उसका भी बन गया स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र

**इंदौर।** प्रशासनिक लापरवाही और गलती के एक असाधारण मामले में एक ऐसे व्यक्ति के नाम पर स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र जारी किया गया जिसकी लगभग एक साल पहले मृत्यु हो गई थी। स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र जिला अस्पताल के रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर द्वारा जारी किया गया था, जिस पर जांच शुरू हो गई है। हैरानी की बात यह है कि यह मामला तब सामने आया जब अस्पताल के एक कर्मचारी ने डॉक्टर के खिलाफ तब शिकायत दर्ज कराई जब उसका ट्रांसफर दूसरे अस्पताल में कर दिया गया है। इसमें बताया गया है कि आरएमओ डॉ. सतीश नेमा ने दीपक नवाले नामक व्यक्ति के नाम पर स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी किया है, जिसकी लगभग एक साल पहले मृत्यु हो गई थी। शिकायतकर्ता के पत्र के अनुसार अस्पताल के एक अन्य कर्मचारी राहुल चौधरी द्वारा प्रदान किए गए मनगढ़ंत दस्तावेजों के आधार पर डॉ. नेमा द्वारा दीपक नवाले के लिए 4 नवंबर 2023 को प्रमाण पत्र बनाया गया था, जिनकी 18 दिसंबर 2022 को मृत्यु हो चुकी थी। इस अजीबोगरीब घटना के बाद इंदौर के जिला अस्पताल में गहन जांच शुरू हो गई है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए सीएमएचओ ने शिकायत को क्षेत्रीय निदेशक, स्वा थ्य डॉ. आरसी पनिका को भेज दिया था। मामले में वरिष्ठ संयुक्त निदेशक डॉ. पूर्णिमा गडरिया की देखरेख में जांच शुरू की गई है।

# मोदी बदलेंगे या सरकार बदलेगी !

**जून 2024, भावना मंगलमुखी मुंबई से**

04 जून 2024 को अठारहवीं लोकसभा के नतीजे सामने आए है, उसी दिन से आम लोगों की जुबां पर सिर्फ़ एक ही पहेली चर्चा का विषय बनी हुई है, वह है -- मोदी बदलेंगे या सरकार बदलेगी ! वैसे मोदीजी के पिछले अतीत को देखते हुए इस लाख टके की पहेली की संभावना से बिलकुल भी इनकार नहीं किया जा सकता कि या तो मोदीजी को अपने आपको काफ़ी बदलना पड़ेगा या फ़िर सरकार अवश्य ही बदल जाएगी। जैसा कि इस बार लोकसभा चुनाव परिणामों में



लगभग मेरे पूर्वानुमान के अनुरूप ही एनडीए को 293 सीटें और इंडिया गठबंधन को 234 सीटें मिली लेकिन बीजेपी को अपने अकेले दम पर पूर्ण बहुमत हासिल नहीं हुआ और वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर भी सिर्फ़ 240 सीटों पर सिमटकर रह गई। इसलिए बीजेपी को सरकार बनाने हेतु अपने एनडीए के सहयोगी दलों का समर्थन लेना पड़ा। हालांकि तमाम किंतु - परंतु के बीच मोदीजी ने अपने सभी सहयोगी दलों के साथ पहले से अधिक विनम्रता से पेश आते हुए तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ तो ले ली लेकिन शुरू में उनकी कुछ शर्तें जैसे -- अमित शाह को गृहमंत्री न बनाना, आदि को ठेंगा दिखाते हुए न सिर्फ़ मंत्रिमंडल के प्रमुख विभाग अपनी पार्टी के पास रखे बल्कि अधिकांश पूर्व मंत्रियों को वही विभाग सौंपना यह दर्शाता है कि मोदीजी मुसीबत में गधे को भी बाप बोलने को भी तैयार हो जाते है लेकिन काम बनते ही अपने आपको शेर के रूप में प्रस्तुत करने लगते है। वैसे यह कला प्रशिक्षण संघ के प्रत्येक कार्यकर्ता में कूट - कूटकर भरा होता है। हालांकि अभी भी मोदीजी के मेरे जैसे कुछ आलोचकों का तर्क है कि चूंकि मोदीजी ने गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक कभी भी गठबंधन सरकार नहीं चलाई। साथ ही जिस प्रकार उन्होंने अपने पूर्व के दो कार्यकाल में सरकारी एजेंसियों यथा ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स आदि का प्रयोग कर विभिन्न दलों को तोड़ा था, उसे देखते हुए सहयोगी दल भी दीर्घकाल पर्यंत साथ निभा पाएंगे, इसकी संभावना न के बराबर है। अब जहां तक मैंने मोदीजी के कम से कम प्रधानमंत्री बनने के पश्चात के स्वभाव और व्यवहार को जाना, जांचा और परखा है, उस हिसाब से मोदीजी अपने सहयोगियों के प्रति सामने से तो काफ़ी विनम्र रहेंगे लेकिन संघ की शिक्षाओं के अनुरूप अपने ही सहयोगियों की पीठ में छुरा घोपकर उनकी पार्टी तोड़ने का प्रयास तो अवश्य करेंगे लेकिन चूंकि इस बार दूध के जले साथी छाछ को भी फूंक - फूंककर पीने जैसी सावधानी और सतर्कता बरत सकते हैं। जिससे वे मोदीजी के ऑपरेशन लोटस को असफल करने में भी कामयाब हो सकते हैं। साथ ही पाला बदलकर मोदीजी की चालाकियों का हिसाब - किताब भी बराबर कर सकते हैं। कुल मिलाकर चूंकि अभी सहयोगी दलों ने बीजेपी के साथ मिलकर ही चुनाव जीता है, साथ ही बीजेपी से अलग होने का कोई बहाना भी नहीं है इसलिए फिलहाल वे कुछ समय तक तो मोदीजी के साथ रहकर मोदीजी द्वारा गठबंधन सरकार चलाने के अनुभव को आजमाना भी चाहते हैं लेकिन आखिर एक म्यान में दो तलवार नहीं रह सकती, वहां तीन तलवार जैसे समाएगी। मैं पहले दिन से बोल रही हूं कि यह एनडीए नाम की कार भले ही मोदीजी चलाने वाले हो लेकिन इस कार के ब्रेक और गियर नीतीश और नायडू के नियंत्रण में है। इसलिए जब भी मोदीजी अपनी तेज़ रफ़्तार से किसी को ओवरटेक करने की कोशिश करेंगे, उसी समय इस कार को ब्रेक लगाकर न्यूट्रल गियर में खड़ा कर दिया जाएगा।

**सावधान ! नज़रे हटी, दुर्घटना घटी।**

### मेरी उक्त संभावनाओं के पीछे कुछ उल्लेखनीय तथ्य भी है जैसे --

- जिस प्रकार मोदीजी के शपथग्रहण के समय ही जम्मू कश्मीर में श्रद्धालुओं से भरी बस पर आतंकी हमले में लगभग 10 लोगों की जान गई और 33 लोग घायल हुए। अगले दो दिन तक और ऐसी ही घटनाएं हुई, उत्तराखंड में यात्रियों सहित एक कार पानी में बही, हृश्वश्ज्ञ परीक्षा व परिणाम में धांधली सामने आई, ये सब अशुभ घटनाएं इस सरकार के प्राणघातक झटके से पूर्व के हल्के दिल के दौरे है।
- नीतीश कुमार जिस प्रकार अपनी सुविधानुसार पाला बदलते रहे है, वैसे उन्हें अगर इंडिया की ओर से प्रधानमंत्री पद का ऑफर मिलता है तो वे अपनी सर्वोच्च महत्वाकांक्षा को तृप्त करने हेतु एक बार फिर से पलटी मार सकते है।
- बीजेपी ने इस बार कुल 436 सीटों पर चुनाव लड़ा, उनमें से लगभग 106 उम्मीदवार मूलरूप से विपक्षी पार्टियों से उधार लिए हुए थे, अगर ये उम्मीदवार अपनी घर वापसी भी करले तो पासा पलट सकता है।
- 1964 में नेहरू जी मृत्यु के से लेकर 1969 तक देश में अल्पकालीन अस्थिर सरकारों का दौर चला था, फिर एक 1977 का अपवाद छोड़ दे तो 1996 से 1999 तक भी अल्पकालीन अस्थिर सरकारें रही। इसलिए मुझे आशंका है कि 2024 से 2029 के दौरान भी इतिहास अपने आपको फिर से दोहरा सकता है।
- भारत की जनता बहुत भावुक किस्म की है इसलिए वह एक बार तो किसी पर भी भरोसा कर लेती है, दोबारा भी भरोसा कर लेती है लेकिन तीसरी बार उनके सब्र का बांध टूट पड़ता है और वे अपने नायक को न सिर्फ़ नकारते हैं अपितु मधुमक्खी की तरह दौड़ा - दौड़ाकर भगाते हैं।
- भारत में तीसरी बार जो भी प्रधानमंत्री बना उनके जीवन पर भी संकट आया जैसे अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान नेहरूजी की मृत्यु हुई, तीसरे कार्यकाल के दौरान ही इंदिराजी की हत्या हुई थी और मोदीजी के तीसरे कार्यकाल में भी मुझे मोदीजी के साथ किसी दुर्घटना की आशंका लग रही है।
- भारत के तीन प्रधानमंत्रियों -- गुलज़ारीलाल नंदा, चंद्रशेखर और एक बार अटल बिहारी वाजपेई जी ने भी जून माह में शपथ ली थी लेकिन किसी का भी कार्यकाल पूर्ण नहीं हो पाया था।
- सूर्यास्त पश्चात शपथ लेना भी मोदीजी का सूर्यास्त साबित हो सकता है क्योंकि इन्होंने ही अपनी पार्टी में पचतर साल में राजनीति से संन्यास का नियम लागू किया था, जो नियति उन पर भी लागू कर सकती है।
- एक संभावना यह भी है कि चूंकि महामानव से देवदूत बने डंकापति को न गठबंधन सरकार चलाने का अनुभव है, न वे दबाव में काम कर सकते है। इसलिए हो सकता है वे कुछ समय पश्चात स्वयं राष्टपति शासन लगवा दे या लोकसभा भंग करवाकर मध्यावधि चुनाव का निर्णय ले ले।
- कुल मिलाकर मुझे लगता है यह सरकार अधिकतम 6 से 9 माह तक चल सकती है। मैं इस सरकार की अंतिम तिथि दिसंबर 2024 तक मान रही हूं। 06 अप्रैल 2025 यानि बीजेपी के अगले स्थापना दिवस से पहले - पहले इस सरकार का गिरना लगभग तय है।

# पीएम किसान उत्सव दिवस सम्पन्न

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किश्त का वितरण किया गया जिले के 128816 किसानों के खातों में पहुंची राशि कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण हुआ



दतिया | प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत् वर्ष में कुल राशि 6 हजार रूपये तीन समान किश्तों में किसानों के खातमें पहुचाई जाती है। जिसका आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वाराणसी पहुंचकर देश के किसान भाईयों के खाते में एक क्लिक के माध्यम से किसान सम्मन निधि योजना की 17वीं किश्त का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम पीएम किसान उत्सव दिव के रूप में स्थानीय वृन्दावनधाम पर आयोजित कर सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम विकासखण्ड स्तर पर भी आयोजित किये गए। जिसमें जिले के 128816 किसान भाईयों के खाते में किसान सम्मान निधि की 17वी किश्त पहुंचाई गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसान भाईयों से सीधी बात कर चर्चा की उन्होने किसानों से सीधे बात कर उनके हालचाल पूछे एंव केन्द्र तथा म.प्र. शासन द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने किसान भाईयों से अपील की कि वह अधिक से अधिक केन्द्रीय एवं म.प्र. सरकार द्वारा चलाई जा रही शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर अपने आप को एवं परिवार को संबल बनायें। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री संदीप कुमार माकिन एवं जिला पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री धीरू दांगी ने सहभागिता की। उन्होंने किसान सखी को प्रमाण-पत्र वितरित किये। इस दौरान श्री अतुल शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया श्री कमलेश भार्गव, अपर कलेक्टर श्री विनोद भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# जिले के 1,16,035 किसानों के खातों में प्रधानमंत्री मोदी ने पहुँचाई 23.21 करोड़ की सम्मान निधि



ग्वालियर | प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सिंगल क्लिक के जरिए आज देशभर के किसानों के साथ ग्वालियर जिले के एक लाख 16 हजार 35 किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 17वी किस्त पहुँचाई। जिले के किसानों के खातों में कुल 23 करोड़ 20 लाख 70 हजार रूपए की धनराशि पहुँची है। इस उपलक्ष्य में यहाँ जिला पंचायत के सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सम्मान निधि प्राप्त करने वाले किसानों का पुष्पाहारों से आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें जिला प्रशासन की ओर से प्रमाण-पत्र व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव, उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सतेन्द्र सिंह एवं कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने किसानों का स्वागत किया और उन्हें प्रमाण-पत्र सौंपे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार, एसडीएम ग्वालियर सिटी श्री विनोद सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# बाल श्रम अधिनियम का पालन कराने के लिए प्रतिष्ठानों का किया जा रहा है निरीक्षण



## आबकारी एवं श्रम विभाग की संयुक्त टीम ने रायरू स्थित बापुना एल्कोब्रू का किया औचक निरीक्षण

ग्वालियर | जिले में बाल एवं कुमार श्रम अधिनियम का पालन कराने के लिये जिला प्रशासन ने अभियान बतौर कार्रवाई करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। इस कड़ी में आबकारी एवं श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा रायरू स्थित बापुना एल्कोब्रू प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान इस प्रतिष्ठान में बाल एवं कुमार श्रम अधिनियम की धारा-3 व 14 का सारांश मुख्य द्वार पर प्रदर्शित पाया गया। निरीक्षण टीम ने कंपनी के प्रबंधन व ठेकेदारों को निर्देश दिए कि वे अपने काम में बाल श्रमिक कदापि न लगाएँ अन्यथा अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# कार्य के प्रति उदासीन अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ होगी अनिवार्य सेवानिवृत्ति की कार्रवाई

ग्वालियर | टीकाकरण बच्चों को विभिन्न गंभीर जानलेवा बीमारियों से बचाता है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग के सभी मैदानी अधिकारी-कर्मचारी टीकाकरण को गंभीरता से लें। इसमें जो विभागीय अधिकारी-कर्मचारी ढ़िलाई बरतेंगे, उनके खिलाफ अनिवार्य सेवानिवृत्ति की कार्रवाई की जायेगी।

यह बात कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिला टास्क फोर्स की बैठक में पल्स पोलियो, दस्तक, मलेरिया व डेंगू की रोकथाम एवं सिकल सेल निवारण अभियान की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने कहा स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन अधिकारी-कर्मचारियों को ग्रामीण क्षेत्र में भेजा जाएगा। ऐसे शासकीय सेवकों को आगाह करते हुए उन्होंने कहा कि या तो काम करें अथवा नौकरी छोड़ें।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने यू-विन एप पर बच्चों का पंजीयन कम होने पर नाराजगी जताई। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के जो अधिकारी व कर्मचारी इस काम में उदासीनता बरत रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने जिन क्षेत्रों में एमआर-1 टीकाकरण का प्रतिशत कम है वहाँ चार हफ्ते का कार्यक्रम बनाकर शतप्रतिशत टीकाकरण कव्हरेज

# वीरांगना लक्ष्मीबाई बलिदान मेला देशभक्ति से हुआ सराबोर

## महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के सहयोगी रूद्रनारायण के प्रपौत्र गौरव नारायण "क्रांतिवीर परिजन सम्मान" से सम्मानित



ग्वालियर | वीरांगना लक्ष्मीबाई बलिदान मेला आयोजन समिति द्वारा इस वर्ष आयोजित हुए 25वें बलिदान मेले में महान क्रांतिकारी अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद के सहयोगी क्रांतिकारी श्री रूद्रनारायण के प्रपौत्र श्री गौरव नारायण को सम्मानित किया गया। साथ ही मातृ शक्ति की राष्ट्रीय प्रमुख सुश्री मीनाक्षी ताई विशवे को वीरांगना सम्मान प्रदान किया गया। देश की रक्षा के लिए अदम्य साहस का परिचय देकर अपने प्राणों की आहुति देने वाले चंबल के शहीद सतेन्द्र सिंह राजावत के परिजन को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। प्रदेश के नगरीय विकास व आवास एवं संसदीय कार्य मंत्री व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कैलाश विजयवर्गीय, महामण्डलेश्वर संत उत्तम स्वामी जी, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह, बलिदान मेले के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया एवं अन्य अतिथियों ने इन सभी को सम्मान प्रदान किए।

कार्यक्रम में महारानी लक्ष्मीबाई पर केन्द्रित शहरवासियों के दिलों में देशभक्ति हिलोरे लेने लगीं। ज्ञात हो पिछले 25 सालों से पूर्व मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया के प्रयासों से वीरांगना लक्ष्मीबाई की समाधि के सामने वाले मैदान पर बलिदान मेले का आयोजन हो रहा है।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जिन महान विभूतियों ने देश व अपनी संस्कृति के बारे में सोचा और देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। जिनके बलिदान से हमें आजादी मिली और हम सब खुली हवा में साँस ले रहे हैं। ऐसी ही महान बलिदानी वीरांगना लक्ष्मीबाई के सम्मान में ग्वालियर में बलिदान मेला का आयोजन सराहनीय और अनुकरणीय पहल है। उन्होंने इसके लिये बलिदान मेला के संस्थापक अध्यक्ष और पूर्व मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया की सराहना की और उनके प्रति धन्यवाद जताया। उन्होंने कहा कि इतिहास से सीख लेकर हम वर्तमान को संभालते हुए भविष्य में श्रेष्ठ भारत का निर्माण कर सकते हैं।

बलिदान मेला के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व मेला देशभक्ति जगाने और देशभक्ति के बीज बोने का अनुष्ठान एवं महायज्ञ है। आज से 166 साल पहले ग्वालियर की इसी पावन धरा पर वीरांगना लक्ष्मीबाई ने भारत माता के श्रीचरणों में अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने कहा सन् 2000 से यह आयोजन प्रारंभ किया गया है। इस आयोजन के माध्यम से उन सब शहीदों को जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति इस राष्ट्र की रक्षा और निर्माण के लिये दे दी है, उनके प्रति हम सब कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। श्री पवैया ने बलिदान मेला आयोजन में ग्वालियर शहरवासियों की सक्रिय भागीदारी पर भी हर्ष और आभार व्यक्त किया। श्री पवैया ने कहा कि वीरांगना लक्ष्मीबाई ने सरल रास्ता न चुनकर स्वाभिमान व देशभक्ति का रास्ता चुना।

बलिदान मेले में लाल टिपारा गौशाला के संतजन, पूर्व सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर एवं पूर्व विधायक श्री घनश्याम पिरोनिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण इस आयोजन के साक्षी बने। मंगलवार 18 जून की सांध्य बेला में आयोजित हुए बलिदान मेले से पहले हुई भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में शहरवासी इस आयोजन में शामिल हुए।

वीरांगना लक्ष्मीबाई पर केन्द्रित महानाट्य एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन भी हुआ

इस गरिमापूर्ण कार्यक्रम में जीवित घोड़े, ऊंटों के साथ शहर के वंदे मातरम् ग्रुप द्वारा वीरांगना लक्ष्मीबाई पर केन्द्रित महानाट्य की प्रस्तुति दी गई। जिसे दर्शकों द्वारा बेहद सराहा गया। इस महानाट्य में लगभग 250 कलाकारों ने भाग लिया। कलाकारों की भावों से भरी प्रस्तुति ने बलिदान मेले में बड़ी संख्या में मौजूद शहरवासियों के दिलों में देशभक्ति का जज्बा हिलोरे लेने लगा। साथ ही बहुत से लोगों की आँखे नम हो गईं। कार्यक्रम के अंत में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कविताओं से

# बाघ के दिखने से दहशत में लोग, मदर बुल फार्म के पास आया नजर

भोपाल | केरवा रोड स्थित मदर बुल फार्म के आपस बाघ के दिखने से क्षेत्र में दहशत फैली हुई है। दरअसल सोमवार सुबह मदर बुल फार्म के पास बाघ के घूमते हुए का एक वीडियो सामने आया है।



उसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन कर्मचारियों के पहुंचते ही बाघ वहां से तेजी से निकल गया। वन विभाग के डीएफओ आलोक पाठक ने बताया कि बाघ वहां के जंगलों में ही रहता है। इसलिए वह अक्सर वहां नजर आता है। चूंकि मदर बुल फार्म फारेस्ट एरिया के पास है।

# गांधीनगर जोन में भी नहीं हो रहे स्वीकृत काम, सड़कें खराब



भोपाल | नगर निगम के बैरागढ़ जोन की तरह गांधीनगर जोन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय पर अमल नहीं हो पा रहा है। पार्षदों ने इस पर नाराजगी प्रकट की है। जोन क्रमांक 20 में आने वाले गांधीनगर की कई सड़कें खराब हैं। इन पर डामरीकरण नहीं हो पा रहा है।

बैरागढ़ जोन क्रमांक एक से अलग होकर बने जोन क्रमांक 20 में भी जोन समिति की बैठक समय पर नहीं होती। पार्षदों के अनुसार बैठक होती भी है तो जो निर्णय लिए जाते हैं उन पर अमल नहीं होता। गांधीनगर क्षेत्र में कई झुग्गी एवं निचली बस्तियां हैं। जर्जर सड़कें, गंदे पानी की सप्लाई, सीवेज की समस्या एवं कुछ इलाकों में रात के समय अंधेरा होने की समस्या है।

इनका निराकरण नहीं हो पा रहा है। पार्षद लक्ष्मण राजपूत के अनुसार इस संबंध में कई बार महापौर एवं नगर निगम आयुक्त से चर्चा की गई है लेकिन समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। राजपूत का कहना है कि पार्षद निधि बहुत कम है इससे सभी सड़कों का निर्माण कराना संभव नहीं है।

**विश्रामघाट तक पहुचना मुश्किल -** गांधीनगर विश्रामघाट का पहुंच मार्ग लंबे समय से जर्जर है। लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगने के कारण इसका निर्माण नहीं हो पा रहा था। रहवासियों का कहना है कि अब इसका निर्माण कराना चाहिए। राधाकृष्ण मंदिर से सिविल अस्पताल तक एवं नई बस्ती में भी सड़कों की हालत खराब है। मानसून में इन सड़कों के आसपास रहने वालों को परेशान होना पड़ेगा। रहवासियों का कहना है कि इन मार्गो का निर्माण प्राथमिकता से होना चाहिए। पिछले साल मानसून में इन मार्गो पर पैदल चलना मुश्किल हो गया था। अब्बासनगर में भी सड़कें खराब हैं। हाल ही में पार्षद लक्ष्मण राजपूत की निधि से एक सड़क का निर्माण कराया गया है।

# मप्र की पुलिस आयुक्त व्यवस्था में लागू होगा यूपी मॉडल, ग्रामीण क्षेत्र भी आएंगे दायरे में

भोपाल | इंदौर व भोपाल के बाद अब जबलपुर और ग्वालियर में पुलिस आयुक्त व्यवस्था लागू करने से पहले मध्य प्रदेश सरकार इसमें बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है। नई व्यवस्था में पुलिस आयुक्त प्रणाली वाले जिले के ग्रामीण क्षेत्र को भी शामिल किया जाएगा।



**उत्तर प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र भी शामिल -** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने वर्ष 2022 में लखनऊ, कानपुर और वाराणसी में पुलिस आयुक्त व्यवस्था में बदलाव कर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों को भी मिला दिया था। इसी तर्ज पर अब मध्य प्रदेश में भी तैयारी की जा रही है। पुलिस मुख्यालय की सीआईडी शाखा प्रस्ताव तैयार कर रही है, जिसमें यह भी बताया जाएगा कि शहरी और देहात क्षेत्र अलग-अलग होने से किस तरह की दिक्कतें आ रही हैं।

**शिवराज सरकार ने लागू की थी व्यवस्था -** मध्य प्रदेश में दिसंबर 2021 में तत्कालीन शिवराज सरकार ने इंदौर और भोपाल में पुलिस आयुक्त व्यवस्था लागू की थी। इसमें ग्रामीण क्षेत्र के थानों को अलग कर दिया गया था। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में अलग-अलग व्यवस्था होने से कानून व्यवस्था में दिक्कत आ रही है। सीमा विवाद भी होता है। समन्वय बनाने में मुश्किल होती है।

**पूरे जिले में एक जैसी व्यवस्था -** यही कारण है कि अब पूरे जिले में एक जैसी व्यवस्था की जाएगी। एक कारण यह भी है कि भोपाल और इंदौर में लगभग तीन चौथाई शहरी थाने हैं, इसलिए जिले के सभी थानों को एक व्यवस्था में लाना बेहतर माना जा रहा है। बता दें कि भोपाल में 38 शहरी और सात ग्रामीण, इंदौर में 34 शहरी और 13 ग्रामीण थाने हैं।

**इस तरह की आ रही दिक्कत -** पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि सबसे अधिक दिक्कत कानून-व्यवस्था बनाने में समन्वय को लेकर आती है। देहात पुलिस के पास संसाधन कम हैं।

# जालसाज ने बीमा पालिसी के नाम पर ठगे छह लाख

भोपाल | शाहपुरा क्षेत्र में जालसाजों ने एक व्यक्ति से छह लाख रुपये ठग लिए तो वहीं नकली नोटों पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के फोटो छापने पर प्रतिबंध लगाया जाए। यह मामले कलेक्ट्रेट में मंगलवार को हुई जनसुनवाई के दौरान सामने आए हैं। जहां आवेदकों ने शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा जनसुनवाई में 100 से अधिक आवेदक पहुंचे और नामांतरण, सीमांकन, प्रताड़ना, ठगी सहित अनेक शिकायतें दर्ज कराई हैं।इस दौरान एडीएम भूपेंद्र गोयल, अंकुर मेश्राम, एसडीएम आदित्य जैन सहित अन्य अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याएं सुनी और समाधान किया। साथ ही संबंधित विभागों को निराकरण करने के लिए भेजा गया है।



जानकारी के अनुसार डीके काटेज निवासी विनय कुमार गौर ने जनुसनवाई में शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि वर्ष 2009 में एक निजी बीमा कंपनी से पालिसी ली थी।इसमें एक किस्त जमा करने के बाद अन्य कोई राशि जमा नहीं की गई थी।इसके बाद अगस्त महीने में फोन आया और बताया कि पालिसी बंद हो गई है जिसे आप फिर से चालू करवा सकते हैं। इस पर दो हजार 465 रुपये जमा कराए गए और फिर आदित्य नाम के युवक ने फोन लगाया। उसने अधिक लाभ मिलने का कहकर 56 हजार रुपये जमा करवाए।इसी तरह प्रियंका शर्मा का फोन आया और उन्होंने अलग-अलग तारीख में 25 जनवरी 2021 तक कुल छह लाख 46 हजार 52 रुपये जमा कराए गए हैं।फरियादी ने जब भारती एक्सा कंपनी में फोन लगाया तो पता चला कि उनके साथ धोखा हुआ है। एडीएम ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने के लिए साइबर सेल पुलिस को कहा है।

### नकली नोट बनाने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

जनकल्याण समिति के अध्यक्ष मकबूल दयावान ने शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि कुछ लोगों द्वारा बाजार में बच्चों के खेलने वाले नकली नोट बेचे जा रहे हैं। इनमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के फोटो छपे हुए हैं।यह नोट सड़कों व कचरे में पड़े रहते हैं। इस तरह राष्ट्रपिता और भारतीय मुद्रा का अपमान हो रहा है। इस पर सख्त कार्रवाई करते हुए नकली नोटों पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। एडीएम ने मामले की जांच जहांगीराबाद एसीपी को सौंपी है।एडीएम भूपेंद्र गोयल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निराकरण किया जाना चाहिए।

# नर्सिंग घोटाले में पटवारी और आरआई की भूमिका की होगी जांच

**प्रदेश के चर्चित नर्सिंग घोटाले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सख्त रुख के बाद जांच दल में शामिल कई अधिकारियों को नोटिस थमाया गया है। इस मामले में राजस्व विभाग ने 16 तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस दिया है। नोटिस में पूछा गया है कि आपने जांच में कॉलेज को निर्धारित मापदंडों के अनुसार बताया, वे सीबीआई जांच में अनफिट कैसे पाए गए हैं।**



भोपाल | प्रदेश के चर्चित नर्सिंग घोटाले में सीबीआई, पुलिस, चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों और नर्सिंग कॉलेज व विश्वविद्यालय के स्टाफ की संलिप्तता के बाद पटवारी और आरआई की भूमिका की भी जांच की जाएगी। इसको लेकर राजस्व विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।

पटवारी और आरआई नर्सिंग कॉलेज भवन का ले आउट, नियमानुसार कॉलेज भूमि का क्षेत्रफल का अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार करके स्वीकृति देते थे, लेकिन कुछ कॉलेज किराए के भवन में संचालित होते पाए गए और कुछ ने तो भवन निर्माण की शर्तों के विरुद्ध कम भूमि में कॉलेज बना लिए हैं। बावजूद इसके ऐसे कॉलेजों को स्वीकृति दे दी गई।

ऐसे में राजस्व विभाग पटवारी और आरआई द्वारा जारी रिपोर्ट की जांच कराएगा कि घोटाले में कहीं आरआई और पटवारी की भूमिका तो नहीं। वहीं कॉलेजों की भूमि का सीमांकन भी कराया जाएगा, इस आधार पर इनकी भूमिका तय कर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सख्त रुख के बाद जांच दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों की पहचान कर नोटिस थमाया गया। मुख्यमंत्री ने पिछले माह बैठक लेकर सख्त निर्देश दिए थे कि जिन अधिकारियों और कर्मचारियों ने इन कॉलेजों की जांच कर पात्र बताया था, उन्हें भी चिन्हित कर कार्रवाई की जाए।

इस मामले में राजस्व विभाग ने जांच के पर्यवेक्षण (सुपरविजन) में शामिल 16 तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को भी नोटिस देकर जवाब मांगा है। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन मध्य प्रदेश नर्सिंग शिक्षण संस्थाओं को मान्यता प्रदान करने के संदर्भ में गठित निरीक्षण दल के सदस्य के रूप में त्रुटिपूर्ण निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।

**जांच दल के प्रभारी के तौर पर टीम में शामिल डिप्टी कलेक्टरों को सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से नोटिस का उत्तर नहीं देने वाले अधिकारी-कर्मचारी को पुनः स्मरण पत्र भेजे जाएंगे।**

**सीबीआई जांच में कैसे अनफिट हो गए -** नर्सिंग कॉलेजों की जांच में हुए फर्जीवाड़े में राजस्व अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जारी है। अलग-अलग जिलों में पदस्थ रहे तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। उनसे पूछा गया है कि आपने जांच में जिस कॉलेज को निर्धारित मापदंडों के अनुसार बताया, वे सीबीआई जांच में अनफिट कैसे हो गए। इसके पहले जांच दल में सदस्य के रूप में शामिल मेडिकल कॉलेज के सहायक प्राध्यापक और नर्सिंग अधिकारी मिलाकर 111 को नोटिस थमाया गया था।

# भोपाल में जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारियां शुरू, भेल व शांति नगर से निकलेंगी यात्रा, होगा भंडारा

भोपाल | राजधानी में प्रभु जगनाथ यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। अलग-अलग संस्थाओं की ओर से यात्राएं निकाली जाएंगी। इसके लिए रथ बनाए जा रहे हैं। शहर के शांति नगर बैरसिया रोड और इस्कान मंदिर की ओर से यात्राएं निकलेंगी। साथ ही पटेल नगर इस्कान मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान होंगी। अलग-अलग आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ेंगे।

शांति नगर बेरसिया रोड स्थित गौर राधा मदन गोपाल मंदिर में फूल बंगला बनाकर भगवान को छप्पन भोग लगाया जाएगा। भजन संध्या होगी। सात जुलाई को दोपहर दो बजे भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा के लकड़ी से बने श्री विग्रहों को डेढ़ टन वजनी लोहे के रथ में विराजित कर महाआरती के बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो हमीदिया रोड, बस स्टैंड, घोड़ा नक्कास, मंगलवारा, इतवारा, चौक बाजार, लखेरापुरा, सोमवारा, सिंधी मार्केट, बेलदारपुरा, भोपाल टाकीज, बेरसिया रोड से होती हुई शांति नगर स्थित मंदिर में संपन्न होगी।

# देवर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य मे सामाजिक परिवर्तन में पत्रकारों का सम्मान।




**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़**

उदयपुरा। सामाजिक परिवर्तन मे पत्रकारों की भूमिका एवं चुनौतीयो के विषय पर संगोष्ठी कार्यक्रम उदय श्री पैलेस मे आयोजन किया गया , सुदर्शन स्मृति न्यास हेरम शिक्षा समिति के द्वारा किया गया कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता रमेश शर्मा पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार भोपाल जिला संघचालक विजय तिवारी जी ,राजेंद्र राजपूत जी जिला कार्यवाहक , कमल किशोर राठी जी संघचालक ,पत्रकारों के कर्तव्य एवं उनकी समस्याओ पर प्रकाश डाला गया वर्तमान परिवेश मे पत्रकारों की चुनौतीयों पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं हेरम शिक्षा समिति अध्यक्ष जीतेन्द्र धाकड़ जी ने कार्यक्रम का संचालन किया रायसेन जिले के सभी बरिष्ठ पत्रकार उपस्थित हुये एवं पत्रकारों एवं गणमान्यों का सम्मान किया गया..... आभार संजय बड़कुर एवम दीपक शर्मा जी ने किया ....इस कार्यक्रम में नगर के सभी गणमान्य नागरिक एवम जिले के सभी वरिष्ठ पत्रकार बंधु काफी संख्या में उपस्थित रहे।

# 3 वर्ष से नहीं खुल रहे छात्रावास अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के विद्यार्थी हो रहे परेशान, अधीक्षक लूट रहे मजे।




संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़

सिलवानी। अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के विद्यार्थियों के लिए सरकार द्वारा उनके उज्जवल भविष्य के लिए और भारत के निर्माण में उनके अहम भूमिका को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं। क्या इन योजनाओं का लाभ उन तक पहुंच पा रहा है मामला सिलवानी तहसील के प्रतापगढ़ का है जहां पर अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास बनाई गई हैं लेकिन कोरोना के समय से आज दिन तक उन छात्रावासों को खोला नहीं गया है अधीक्षक और कर्मचारी लूट रहे हैं मजे। इन विद्यार्थियों के समस्या किसी को भी दिखाई नहीं दे रही है इसमें अपनी मर्जी से अधीक्षकों आना जाना हो रहा है लेकिन उनकी मूलभूत समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। सभी अधिकारी मूक बने बैठे हैं। विद्यार्थियों ने कई बार इसके सिलसिले में शिकायत भी की लेकिन किसी भी प्रकार का निराकरण की बात उन तक नहीं पहुंची संभवत इन विद्यार्थियों को मिल रही लबों को खत्म करने की फिराक में है। क्योंकि इस पर के व्यक्ति मजदूरी करके अपने बच्चों को पढ़ाते हैं और यदि उनको स्थानीय लाभ नहीं मिल पाता है तब गरीबी में गीला आटा जैसी कहावत चरितार्थ होती है।

# तीन प्लॉट जोड़कर बना लिया था चार मंजिला अवैध होस्टल, जेसीबी से किया जमींदोज



**इंदौर।** ग्रीन बेल्ट की जमीन पर तना चार मंजिला अवैध होस्टल नगर निगम की टीम ने जमींदोज कर दिया। सर्वानंद नगर में हुई यह कार्रवाई चार घंटे से ज्यादा समय चली। इस दौरान मामूली विवाद भी हुआ।



**सुबह करीब 6.30 बजे पहुंची टीम:** नगर निगम उपायुक्त लता अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम की टीम शुक्रवार सुबह करीब 6.30 बजे सर्वानंद नगर पहुंची। यहां भरत सोनी नामक व्यक्ति ने 20 बाय 50 के तीन प्लाटों को मिलाकर जी प्लस थ्री (चार मंजिला) इमारत बना ली थी। टीम ने कार्रवाई करते हुए इसे जमींदोज कर दिया है। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन कार्रवाई जारी रही।

**न नक्शा न अनुमति फिर कैसे तन गई इमारत:** जिन तीन प्लाटों को मिलाकर यह इमारत तानी गई थी उनका कुल क्षेत्रफल तीन हजार वर्गफीट है। इतने बड़े भूखंड पर चार मंजिला इमारत तन गई और नगर निगम के अधिकारियों को खबर तक नहीं हुई। भूखंड स्वामी ने न तो नगर निगम से निर्माण की अनुमति ली थी और न ही नक्शा पास करवाया था। एसडीएम जगदीश धनगर ने बताया कि जिस जमीन पर यह अवैध निर्माण किया गया था वह ग्रीन बेल्ट में शामिल है। सहायक रिमूवल अधिकारी बबलू कल्याणे ने बताया कार्रवाई में 20 से ज्यादा निगमकर्मी शामिल थे। दो जेसीबी की मदद से करीब चार घंटे चली कार्रवाई में इमारत को पूरी तरह से जमींदोज कर दिया गया।

**होस्टल शुरू करने की तैयारी थी:** जांच में यह बात भी सामने आई है कि जिस अवैध निर्माण को नगर निगम ने जमींदोज किया है वहां भू-स्वामी ने होस्टल शुरू करने की तैयारी कर ली थी। निगम ने आचार संहिता लागू होने से पहले इस संबंध में नोटिस भी दिया था। होस्टल शुरू होने से पहले ही निगम ने कार्रवाई करते हुए इसे जमींदोज कर दिया।

# इंदौर में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और सांसद शंकर लालवानी ने बच्चों के साथ किया योग

**इंदौर।** देशभर के साथ ही मध्य प्रदेश में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इंदौर जिले में भी दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय, विकासखंड और पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम बड़ा गणपति स्थित शासकीय शारदा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया । इसमें शामिल होने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पहुंचे । मंत्री विजयवर्गीय और सांसद शंकर लालवानी ने जनप्रतनिधियों, गणमान्य नागरिकों और बच्चों के साथ योग किया। शहर के नेहरू स्टेडियम में भी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इंदौर जिले में भी आज दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिले के सभी विकासखंड और पंचायत स्तर पर योग के कार्यक्रम आयोजित होंगे। शहर के अभय प्रशाल में भी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग दिवस पर शुक्रवार सुबह लंदन,रूस और मुंबई की योग प्रशिक्षकाओ ने रेसकोर्स रोड स्थित अभय खेल प्रशाल पर




सनातनी योग की महत्ता बताई। इस मौके पर करीब 2 हजार लोगों ने कपालभांति और ताड़ासन जैसे कई प्रणायाम और आसान किए। उन्होंने कहा कि योग भारत का दुनिया को दिया अनमोल उपहार है। इस मौके पर देशभक्ति के गीत भी गाए गए। शहर का सबसे वृहद योग शिविरों में शामिल इस शिविर में पहली बार ' कौन बनेगा चमेलीदेवी प्लेंक पोज स्टार ' स्पर्धा भी हुई। इसके पूर्व बीएसएफ, पीटीएस, विभिन्न कॉलेजों के अलावा चमेलीदेवी योग केन्द्र के शहर में वर्तमान में चल रहे केन्द्रों के करीब 2 हजार साधक ने लंदन की योग प्रशिक्षक चार्लोट बॉटमली, मुंबई की चांदनी नाथानी एवं रूस से आई आईना गारनूशेनकोवा की विशेष उपस्थिति में योगाभ्यास किया।

# कोर्ट में पेशी के बाद हत्या के आरोपित को ले गए पावागढ़, हथकड़ी सहित हो गया फरार

**मंदसौर।** मंदसौर पुलिस के एएसआई सहित 4 पुलिसकर्मी हत्या और एनडीपीएस के आरोपित को पेशी पर ले गए। इसके बाद उसे दर्शन कराने गुजरात के पावागढ़ माताजी मंदिर में दर्शन कराने भी ले गए। दर्शन के बाद रोप-वे से लौटते समय आरोपी दशरथ जाट हथकड़ी सहित फरार हो गया। जानकारी के अनुसार पुलिसकर्मी उसे पेशी पर भी निजी कार से हालोल लेकर गए थे। नियमानुसार उसे ट्रेन या बस से जाना था। मामले में मंदसौर एसपी अनुराग सुजानिया ने एएसआई, हेड कांस्टेबल व 2 आरक्षक को निलंबित कर दिया है। पिपलियामंडी थाना क्षेत्र में वृद्धा की हत्या कर अफीम लूटने के मामले में दशरथ जाट मंदसौर जेल में बंद था। एनडीपीएस एक्ट के एक पुराने मामले में पुलिसकर्मी उसे गुजरात के हालोल में पेशी के लिए ले गए थे। दशरथ जाट के फरार होने के बाद पावागढ़ पुलिस ने आरोपी सहित पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार 27 मार्च 2024 को ग्राम लसुड़िया राठौर में 70 वर्षीय चंद्रकुंवर की हत्या कर अफीम लूटने के मामले में पुलिस ने पिपलियामंडी थाना क्षेत्र के गांव चावली निवासी दशरथ पिता ओमप्रकाश जाट सहित हत्या में शामिल अन्य आरोपियों को





5 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। 18 जून 2024 को मंदसौर के सहायक उपनिरीक्षक नरेंद्र पंवार, प्रधान आरक्षक सुनील यादव, आरक्षक मधुसूदन चौहान व शिवनारायण माली मंदसौर जेल से दशरथ जाट को एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में गुजरात के हालोल में पेशी के लिए ले गए थे। बुधवार को अदालती कार्रवाई पूरी होने के बाद पुलिस दशरथ को पावागढ़ ले गई थी। दर्शन करने के बाद लौटते समय आरोपी रोप-वे में बैठने के दौरान पुलिस को चमका देकर हथकड़ी सहित फरार हो गया। एएसपी गौतम सोलंकी ने बताया मंदसौर एसपी ने लापरवाही बरतने के मामले में एएसआई, प्रधान आरक्षक व दो आरक्षक को निलंबित कर दिया है।

## निजी कार से ले गए

जानकारी के अनुसार नियमानुसार एएसआई व पुलिसकर्मियों को आरोपित को बस या ट्रेन से पेशी पर ले जाना था। इसके बजाय निजी कार में बैठाकर पेशी के लिए ले गए थे। न्यायालयीन कार्रवाई पूरी होने के बाद सभी पावागढ़ माताजी मंदिर दर्शन के लिए गए थे।

# PNB में क्या आपका भी हैं अकाउंट...1 जुलाई से पहले कर लें ये काम, नहीं तो बंद हो जाएगा खाता

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक ने एक महत्वपूर्ण बदलाव की घोषणा की है। इसका असर सेविंग अकाउंट होल्डर्स पर पड़ेगा। बैंक ने बताया है कि 1 जुलाई से उन बचत खातों को बंद कर दिया जाएगा, जिनका तीन साल की अवधि में उपयोग नहीं किया गया है। इन खातों में कोई धन राशि जमा नहीं है। इस कदम से बड़ी संख्या में बचत खाते प्रभावित होंगे, जिनका किसी भी तरह के ट्रांजैक्शन के लिए उपयोग नहीं किया जा रहा है। अगर आपका पीएनबी बैंक में सेविंग अकाउंट है, तो सबसे पहले उसका स्टेटस चेक कर लें। बैंक ने ग्राहकों को अलर्ट भेज दिया गया है। अगर आपको अपना खाता चालू रखना है, तो बैंक शाखा में जाकर केवाईसी प्रक्रिया पूरी करें।




### खाता चालू रखने के लिए करना होगा यह काम

पीएनबी के अधिसूचना के अनुसार, अगर ग्राहक का खाता निष्क्रिय हो जाता है और दोबारा एक्टिव करना है, तो बैंक शाखा में जाकर केवाईसी फॉर्म भरना होगा। उसके बाद उनका खाता पुनः सक्रिय हो जाएगा। ग्राहकों को केवाईसी पूरा करने के लिए आधार या पैन कार्ड की फोटोकॉपी जमा करनी होगी।

### ये खाते नहीं बंद होंगे

पीएनबी ने कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा स्कीम और अटल पेंशन योजना जैसी योजनाओं के लिए खोले गए खातों को बंद नहीं करेगा। साथ ही नाबालिगों के सेविंग अकाउंट को बंद नहीं किया जाएगा।

### ग्राहकों को दिया जा रहा समय

शुरुआत में पीएनबी ने निष्क्रिय खातों को दोबारा सक्रिय करने की समय अवधि 1 जून निर्धारित की थी। हालांकि ग्राहकों ने अधिक समय की मांग की थी। इसी को देखते हुए बैंक ने समय सीमा को 30 जून तक बढ़ा दिया।

## जिंदल स्टेनलेस ने क्रोमनी स्टील्स में शेष 46 प्रतिशत हिस्सेदारी 278 करोड़ रुपये में खरीदी

**जिंदल स्टेनलेस ने क्रोमनी स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड (सीएसपीएल) में शेष 46 प्रतिशत हिस्सेदारी का 278 करोड़ रुपये में अधिग्रहण कर लिया है। जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने सोमवार को बयान में कहा कि इसके बाद सीएसपीएल 15 जून, 2024 से कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी इकाई बन गई है।**



नयी दिल्ली | जिंदल स्टेनलेस ने क्रोमनी स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड (सीएसपीएल) में शेष 46 प्रतिशत हिस्सेदारी का 278 करोड़ रुपये में अधिग्रहण कर लिया है। जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने सोमवार को बयान में कहा कि इसके बाद सीएसपीएल 15 जून, 2024 से कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी इकाई बन गई है। बयान के अनुसार, ''जिंदल स्टेनलेस ने क्रोमनी स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड में शेष 46 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी हासिल की है। इस लेन-देन में कुल 278 करोड़ रुपये का खर्च शामिल है, जिसमें इक्विटी हस्तांतरण और शेयरधारकों के कर्ज का भुगतान शामिल है।''

जिंदल स्टेनलेस ने इससे पूर्व 1,340 करोड़ रुपये में अप्रत्यक्ष अधिग्रहण सौदे के जरिये सीएसपीएल में 54 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी हासिल की थी। सीपीएसएल के कुल अधिग्रहण की लागत जेएसएल के लिए करीब 1,618 करोड़ रुपये बैठती है। जेएसएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तरुण कुमार खुल्बे ने कहा, ''क्रोमनी में 100 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी के अधिग्रहण से हमें मूल्य श्रृंखला में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

## ऑलटाइम हाई पर बंद हुआ सेंसेक्स-निफ्टी, बीएसई का मार्केट कैप पहली बार 437 लाख करोड़ रुपये के पार

**शेयर बाजार में आज तेजी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और बैंकिंग स्टॉक्स के चलते आया है. इन सेक्टर के शेयरों में जोरदार खरीदारी देखने को मिली है.**



नई दिल्ली | मंगलवार का कारोबारी सत्र भारतीय शेयर बाजार के निवेशकों के लिए बेहद शानदार रहा है. लंबी छुट्टी के बाद हफ्ते के पहले कारोबारी सत्र में नए ऑलटाइम हाई को छूने में कामयाब रहा और साथ ही नए ऐतिहासिक हाई पर ही क्लोज भी हुआ है. सेंसेक्स पहली बार 77,000 के आंकड़े को ऊपर क्लोज हुआ है. आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 308 अंकों की उछाल के साथ 77,301 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 92 अंकों की उछाल के साथ 23,5557 अंकों के रिकॉर्ड हाई पर क्लोज हुआ है.

मार्केट कैप ऑलटाइम हाई पर - शेयर बाजार में शानदार तेजी के चलते बाजार का मार्केट कैपिटलाइजेशन भी रिकॉर्ड हाई पर क्लोज हुआ है. बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 437.30 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ है जो पिछले कारोबारी सत्र में 434.88 लाख करोड़ रुपये पर क्लोज हुआ था. यानि आज के सत्र में निवेशकों की संपत्ति में 2.42 लाख करोड़ रुपये का इजाफा देखने को मिला है.

सेक्टर का हाल - आज के सेशन में कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, बैंकिंग, आईटी, एनर्जी स्टॉक्स में जोरदार तेजी देखने को मिली है. जबकि हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस, ऑटो, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल्स और मीडिया सेक्टर के शेयरों में गिरावट देखने को मिली है. मिड कैप और स्मॉल कैप स्टॉक्स में आज भी खरीदारी जारी रही. निफ्टी का मिड कैप इंडेक्स और स्मॉल कैप इंडेक्स दोनों ही ऐतिहासिक हाई पर क्लोज हुआ है. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 22 स्टॉक्स तेजी के साथ और 8 गिरकर बंद हुए.

चढ़ने - गिरने वाले शेयर्स - तेजी वाले शेयरों पर नजर डालें तो पावर ग्रिड 3.17 फीसदी, विप्रो 3.04 फीसदी, टाइटन 1.74 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 1.74 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.14 फीसदी, एक्सिस बैंक 0.86 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 0.71 फीसदी, इंफोसिस 0.61 फीसदी, एसबीआई 0.52 फीसदी, एचसीएल टेक 0.50 फीसदी के उछाल के साथ बंद हुआ है. जबकि मारुति 2.14 फीसदी, टाटा स्टील 1.04 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 0.96 फीसदी, टाटा मोटर्स 0.78 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है.

## टाटा अब खरीदेगी विवो की नोएडा स्थित फैक्ट्री, रिपोर्ट में हुआ दावा

नई दिल्ली | डिक्सन ने विवो के साथ संयुक्त उद्यम के लिए प्रारंभिक चर्चा की पुष्टि की, जो ट्रांसियन होल्डिंग्स के साथ पिछले सौदे के समान है। अप्रैल में डिक्सन ने ट्रांजिशन की इस्मार्ट इंडिया इकाई में 238.36 करोड़ रुपये में 50.10 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की योजना की घोषणा की थी जिसका लक्ष्य अंततः अपनी हिस्सेदारी को बढ़ाकर लगभग 55 प्रतिशत करना था।

चीनी स्मार्टफोन दिग्गज कंपनी वीवो अगले महीने यानी जुलाई में संभावित तौर पर भारत में सबसे बड़ी मोबाइल फोन विनिर्माण सुविधा खोलने की तैयारी में है। ये जानकारी इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट में सामने आई है। ये संयंत्र ग्रेटर नोएडा में स्थित है, जिसकी वार्षिक क्षमता 120 मिलियन डिवाइस की है।




इस संयंत्र को 3,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से स्थापित किया गया है।

विवो अपने विनिर्माण कार्यों के प्रबंधन के लिए सक्रिय रूप से एक भारतीय भागीदार की तलाश कर रहा है। टाटा समूह, मुरुगप्पा समूह और भारतीय अनुबंध निर्माता डिक्सन टेक्नोलॉजीज सहित कई संभावित भागीदारों के साथ चर्चा की गई है। हालांकि, मूल्यांकन पर मतभेदों के कारण कोई समझौता अंतिम रूप नहीं ले पाया है। रिपोर्ट में एक सूत्र ने कहा, 'वीवो अपने परिचालन के लिए एक मजबूत भारतीय साझेदार की तलाश में है। हालांकि संयुक्त उद्यम के बारे में अभी तक कुछ भी अंतिम रूप नहीं दिया गया है, लेकिन कुछ हितधारकों के साथ बातचीत चल रही है।'

कंपनी ने हाल ही में अपनी पुरानी विनिर्माण इकाई को खाली कर दिया है, जिसकी वार्षिक क्षमता 40 मिलियन डिवाइस की थी। वीवो ने इसे पट्टे पर लिया था। इस संयंत्र को अब माइक्रोमैक्स इन्फॉर्मेटिक्स की विनिर्माण इकाई भगवती एंटरप्राइजेज ने अपने नियंत्रण में ले लिया है। 170 एकड़ में फैली वीवो की नई इकाई, सैमसंग के मोबाइल फोन विनिर्माण संयंत्र के बराबर है, जो देश में सबसे बड़ा है, जिसकी वार्षिक क्षमता भी 120 मिलियन यूनिट है। इसका उद्घाटन 2018 में हुआ था। टाटा समूह इस वर्ष के प्रारंभ में वीवो के साथ बातचीत कर रहा था, लेकिन वर्तमान में वह आईफोन अनुबंध निर्माता विस्ट्रॉन की स्थानीय इकाई को एकीकृत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसे उसने पिछले वर्ष अधिग्रहित किया था।

रिपोर्ट के अनुसार, डिक्सन ने विवो के साथ संयुक्त उद्यम के लिए प्रारंभिक चर्चा की पुष्टि की, जो ट्रांसियन होल्डिंग्स के साथ पिछले सौदे के समान है। अप्रैल में डिक्सन ने ट्रांजिशन की इस्मार्ट इंडिया इकाई में 238.36 करोड़ रुपये में 50.10 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की योजना की घोषणा की थी, जिसका लक्ष्य अंततः अपनी हिस्सेदारी को बढ़ाकर लगभग 55 प्रतिशत करना था। सीमा पर चल रहे तनाव के बीच विवो सहित चीनी कंपनियां भारत में कर और विदेशी मुद्रा अधिकारियों की गहन जांच के दायरे में हैं। सरकार चीनी स्मार्टफोन ब्रांडों को भारतीय कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, उसने आश्वासन दिया है कि ऐसा नहीं करने से स्थानीय बाजार में उनके निवेश को कोई खतरा नहीं होगा।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)